Title: Requests the Central Government to give permission to set up High Power transmitters and Doordarshan studio for Delhi Doordarshan Channel 1 and 2 in Bilaspur District, Madhya Pradesh.

श्री पुन्नू लाल मोहले (बिलासपुर) : माननीय सभापति महोदय, मैं निवेदन करना चाहूंगा कि मध्य प्रदेश में बिलासपुर जिले में डी.डी. १ के लिए उच्च शक्ति प्रेषित्र और मैट्रो सेवा के लिए ट्रांसमीटर तथा स्टूडियो स्थापित किए जाने की आवश्यकता है। मध्य प्रदेश में बिलासपुर जिले में इस समय दूरदर्शन की सेवाओं के लिए बिलासपुर, कोरबा और शक्ति स्थित अल्प शक्ति प्रेषित्रों के द्वारा दी पहुंचाई जा रही हैं। अल्प शक्ति प्रेषित्र खरीद और अतिअल्प शक्ति प्रेषित्र पेंडरा रोड, जो इस समय क्रियान्वयनाधीन हैं तथा पंडारिया और चंबा में स्थापित किए जाने के लिए परिकल्पित अल्प शक्ति प्रेषित्रों की योजना अभी भी स्वीकृत की जानी है। इससे जिले की कवरेज में विस्तार हो जाने की आशा है। मैं केन्द्र सरकार से अनुरोध करना चाहूंगा कि मध्य प्रदेश के बिलासपुर जिले में दिल्ली के दूरदर्शन चैनल १ और चैनल २ की सेवा के लिए उच्च शक्ति प्रेषित्र तथा एक दूरदर्शन स्टूडियो स्थापित किए जाने की अनुमति दी जाए।